# अभ्यास प्रश्न-पत्र : 5

1. अमरीकी प्रशासनिक प्रणाली में राष्ट्रपतीय मंत्रिमंडल आवश्यक रूप से होता है।
   (a) बहुत (कॉलेजियल) कार्यपालिका
   (b) एक प्रशासनिक अभिकरण
   (c) एक सलाहकारी निकाय
   (d) एक पर्यवेक्षी निकाय

2. यू.एस.ए. की सिविल सेवाओं की निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिए:
   1. उच्च पद 'अंतरंगी और बहिरंगी' लोगों से भरे जाते हैं।
   2. भर्ती पद-सोपान के विभिन्न स्तरों पर की जाती है
   3. पक्षीय राजनैतिक गतिविधियां वर्जित हैं।
   4. श्रेणी वर्गीकरण पद्धति लागू नहीं की जाती।

   इनमें से कौन-से सही हैं?
   (a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

3. निम्नलिखित में से कौन एक, ब्रिटिश मंत्रिमंडल का सदस्य नहीं है?
   (a) लॉर्ड चांसलर
   (b) चांसलर ऑफ द एक्सचेकर
   (c) अटॉर्नी जनरल
   (d) लॉर्ड प्रेसीडेंट ऑफ द काउंसिल

4. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, ब्रिटेन के व्हिटलेवाद के विषय में सही नहीं है?
   (a) इसने भारत की संयुक्त परामर्श व्यवस्था को प्रभावित किया है
   (b) इस पर अनौपचारिकता की छाप है
   (c) इसकी रचना व्यक्तिगत शिकायत निवारण के लिए की गई है
   (d) इसका स्टॉफ पक्ष ट्रेड यूनियन आंदोलन से जुड़ा रहता है

5. ब्रिटेन के पार्लियामेंटरी कमिश्नर फॉर एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित निम्नलिखित प्रकार्यों पर विचार कीजिए:

   वह
   1. जनता की शिकायतों की जाँच करता है।
   2. जनता की शिकायतों का निवारण कर सकता है।
   3. उपचारी उपायों की सिफारिश कर सकता है।
   4. विभागों से सूचना और कागज-पत्र माँग सकता है।

   इनमें से कौन-से सही हैं
   (a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
   (c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन निर्णयन-प्रक्रिया में अभिकल्प-अवस्था के बारे में सही है?
   (a) संभव कार्यदिशाओं की खोज, विकास और विश्लेषण करना
   (b) निर्णय की माँग करने वाले अवसरों को जुटाना
   (c) उपलब्ध कार्यदिशाओं में से किसी कार्यदिशा-विशेष का चयन करना
   (d) निर्णय का पालन करना

7. एफ.डब्ल्यू. रिग्स के अनुसार निम्नलिखित अंतरणों में से कौन-सा एक, तुलनात्मक लोक प्रशासन में प्रवृत्ति को इंगित नहीं करता?
   (a) आदर्शक से आनुभविक अभिविन्यास
   (b) भावचित्रात्मक से नियमान्वेषी अभिविन्यास
   (c) अपारिस्थितिक से पारिस्थितिक अभिविन्यास
   (d) औपचारिक से अनौपचारिक अभिविन्यास

8. जापान में एक छोटे-नगर प्रशासन का प्रमुख होता है
   (a) केंद्र-नियुक्त अधिकारी
   (b) श्रेत्र-नियुक्त अधिकारी
   (c) स्थानीय सभा द्वारा निर्वाचित मेयर
   (d) स्थानीय जनता द्वारा निर्वाचित मेयर

9. निम्नलिखित में से किस एक कानून द्वारा भारत में ब्रिटिश प्रशासन की नींव डाली गई?
   (a) 1773 का रेग्युलेटिंग ऐक्ट
   (b) 1784 का पिट्स इंडिया ऐक्ट
   (c) 1861 का इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट
   (d) 1862 का इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट

10. राज्य के एडवोकेट जनरल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक वक्तव्य सही नहीं है?
    (a) एडवोकेट जनरल राज्यपाल के प्रसाद-पर्यन्त पद पर बना रहता है
    (b) राज्य के एडवोकेट जनरल की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा होती है
    (c) एडवोकेट जनरल राज्य सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देता है
    (d) एडवोकेट जनरल राज्य विधानमंडल की कार्यवाहियों में भाग नहीं ले सकता

11. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

    भारत का राष्ट्रपति इसलिए तानाशाह नहीं बन सकता, क्योंकि
    1. संविधान में उल्लंघन के लिए उस पर महाभियोग लगाया जा सकता है।

2. उसके द्वारा जारी किए गए अध्यादेशों को संसद की स्वीकृति आवश्यक होती है।
3. आपातकाल की उद्घोषणा के लिए संसद की स्वीकृति आवश्यक होती है।
4. उसे मंत्रिपरिषद् की सलाह से काम करना होता है।

इनमें से कौन-से सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4

12. भारत के राष्ट्रपति को उद्घोषणा करने की शक्ति नहीं है
(a) युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह जनित आपात स्थिति की
(b) राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दिशा से उत्पन्न आपात स्थिति की
(c) जम्मू-कश्मीर राज्य में वित्तीय आपात स्थिति की
(d) वित्तीय स्थिरता पर संकट से उत्पन्न आपात स्थिति की

13. मंत्रिपरिषद् के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक, सही नहीं है?
(a) इसे संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त है
(b) संविधान में इसके सदस्यों की संख्या विनिर्दिष्ट नहीं है
(c) इसका कार्य संचालन संविधान के उपबंधों के अनुरूप है
(d) इसके सदस्यों की संख्या और उनका रैंक प्रधान मंत्री तय करते हैं।

14. कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन एक अंगभूत हिस्सा है
(a) राष्ट्रीय विकास परिषद् का
(b) केंद्रीय सचिवालय का
(c) लोक उद्यम विभाग का
(d) योजना आयोग का

15. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, लोक उपक्रम समिति के कार्यक्षेत्र में नहीं आता?
(a) ऐसे लोक उपक्रमों की रिपोर्टों और लेखाओं का परीक्षण, जो विशेष रूप से इस समिति को आबंटित किए गए हैं
(b) लोक उपक्रमों के व्यापार और वाणिज्यिक कार्यों से अलग महत्त्वपूर्ण सरकारी नीति के विषय
(c) नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक के प्रतिवेदनों की परीक्षा
(d) लोक उपक्रमों की स्वायत्तता और कार्यकुशलता की परीक्षा

16. भारत में निम्नलिखित स्वरूप के सार्वजनिक उद्यमों में से कौन-सा एक, पृथक् विधिक अधिनियम के द्वारा गठित किया जाता है?
(a) नियंत्रण बोर्ड (b) संयुक्त-पूंजी कंपनी
(c) विभागीय उपक्रम (d) लोक निगम

17. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
भारत का वित्त आयोग, योजना आयोग से भिन्नता रखता है, क्योंकि
1. वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है और योजना आयोग मंत्रिमंडल द्वारा सृजित है।
2. वित्त आयोग राज्यों को दी जाने वाली सहायता अनुदान के सिद्धांत निर्धारित करता है और योजना आयोग केंद्र और राज्य सरकारों को निधि आबंटित करता है।
3. वित्त आयोग योजनागत और अयोजनागत खर्च के विभेद पर जोर देता है और योजना आयोग इसे बनाए रखता है।
4. वित्त आयोग अपना प्रतिवेदन केंद्रीय वित्त मंत्री को और योजना आयोग मंत्रिमंडल को प्रस्तुत करता है।

इनमें से कौन-से सही हैं

(a) 1 और 2 (b) 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

18. प्रधानमंत्री कार्यालय के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए:
1. वह प्रधान मंत्री की, मंत्रिमंडल के प्रमुख के रूप में कार्य करने में सहायता करता है।
2. वह सरकारी विभागों की गतिविधियों के बीच समन्वय करता है।
3. वह ऐसे मामलों में राज्य सरकार से सम्पर्क रखता है, जिनमें प्रधान मंत्री की दिलचस्पी हो।
4. वह प्रधान मंत्री की, शासन प्रमुख के रूप में कार्य करने में मदद करता है।

इनमें से कौन-से सही हैं

(a) 1 और 3 (b) 2 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

19. भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रकार्यमूलक विशिष्टीकरण लागू करने की आवश्यकता की सिफारिश की गई थी
(a) एपलबी रिपोर्ट द्वारा
(b) सतीश चंद्र समिति द्वारा
(c) प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा
(d) कोठारी समिति द्वारा

20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, निर्वाचन आयोग का कार्य नहीं है?
(a) राष्ट्रपति पद के चुनाव का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण करना
(b) निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों का चयन करना
(c) राजनैतिक दलों को मान्यता प्रदान करना और मान्यता समाप्त करना
(d) मतदाता सूची तैयार करना

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, वित्त आयोग का कार्य है ?
(a) केंद्रीय बजट का निर्माण
(b) आयकर आगम निर्धारण
(c) ऐसे सिद्धांतों का निर्धारण जो राज्यों के लिए सहायता अनुदान नियमित करते हैं
(d) सरकारी व्यय पर नियंत्रण

22. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत में विभागीय रूप से प्रबंधित लोक उपक्रम का लक्षण नहीं है ?
(a) यह खजाने से वार्षिक विनियोजन द्वारा वित्त-पोषित होता है
(b) इसका स्थायी स्टाफ सिविल कर्मचारियों का होता है
(c) यह शासन के अधियासी आदेश द्वारा निर्मित होता है
(d) उद्यम के उत्पाद और सेवाओं की कीमत बाजार शक्तियों से निर्धारित होती है

23. संवैधानिक प्रस्थिति की दृष्टि से संघ लोकसेवा आयोग है
(a) सलाहकारी निकाय
(b) शिकायत निवारण निकाय
(c) राज्य स्तर पर भर्ती का निदेशन करने वाला प्रभारी निकाय
(d) सिविल कर्मचारियों के प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण करने वाला निकाय

24. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
प्रशासनिक सुधार आयोग ने सिफारिश की थी
1. निष्पादन बजट प्रणाली का आरंभ करना।
2. लेखाओं का विभागीयकरण।
3. शून्य-आधारित बजट प्रणाली।
4. नीति-निर्धारण कार्यों के लिए विशेषज्ञों की भर्ती और तैनाती की आवश्यकता।
इनमें से कौन-से सही हैं ?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

25. राज्य का राज्यपाल किसी निकटवर्ती संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक की भूमिका में अपने कार्यों का निर्वहन करता है
(a) भारत के राष्ट्रपति से स्वतंत्र रहते हुए
(b) राज्य मंत्रिपरिषद् से स्वतंत्र रहते हुए
(c) प्रधान मंत्री से स्वतंत्र रहते हुए
(d) केंद्रीय गृह मंत्री से स्वतंत्र रहते हुए

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, राज्य सचिवालय का कार्य नहीं है ?
(a) सचिवालय के प्रशासनिक विभागों के बीच समन्वय और अन्योन्य समाशोधन (क्रॉस-क्लियरेंस) करना
(b) प्रशासनिक विभागों के प्रस्तावों पर नीति संबंधी निर्णय लेना
(c) निदेशालय-प्रमुखों द्वारा लिए गए नीतिगत निर्णयों के आधार पर विधायी अधिनियमन के लिए प्रस्तावों की रूपरेखा बनाना
(d) केंद्र और अन्य राज्य सरकारों के बीच संप्रेषण के मुख्य माध्यम के रूप में कार्य करना

27. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:
राज्य सरकार का मुख्य सचिव होता है
1. मुख्य मंत्री का सचिव भी।
2. राज्य की सिविल सेवाओं का प्रमुख भी।
3. राज्य मंत्रिमंडल का सचिव भी।
4. राज्यपाल का सलाहकार भी।
इनमें से कौन-से सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 2 और 4

28. स्वतंत्रता के पश्चात् जिलाधिकारी की भूमिका में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आने का कारण है
(a) राजनैतिक चेतना का उदय
(b) प्रजातांत्रिक विकेंद्रीकरण
(c) जनसंपर्क माध्यम की भूमिका
(d) लोकहित मुकदमें

29. अशोक मेहता समिति (1977) ने सिफारिश की थी
(a) मंडल पंचायत की स्थापना की
(b) नगर पंचायत की स्थापना की
(c) पंचायक समिति की स्थापना की
(d) ग्राम पंचायत की स्थापना की

30. निम्नलिखित में से किस एक समिति/आयोग ने केंद्र, राज्य और स्थानीय वित्तों के एकीकरण की सिफारिश की ?
(a) कराधान जांच आयोग
(b) स्थानीय वित्त जांच आयोग
(c) ग्रामीण-शहरी संबंध समिति
(d) सिंघवी समिति

31. जवाहर ग्राम समृद्धि योजना (जे.जी.एस.वाई.) संपूर्ण रूप से कार्यान्वित की गई है
(a) जिला पंचायत स्तर पर
(b) मध्यवर्ती पंचायत स्तर पर
(c) ग्राम पंचायत स्तर पर
(d) नगर पंचायत स्तर पर

32. आधारित प्रजातंत्र के संदर्भ में जन सहभाग संकेतित होता है नागरिकों के
1. स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के चुनाव लड़ने में।
2. राजनैतिक दलों की सभाओं में उपस्थित होने में।

3. जन चर्चाओं द्वारा जनता की मांगों के समुच्चयन करने और उन्हें सुस्पष्ट रूप से रखने में।
4. स्थानीय निकायों में निर्णय लेने में।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

33. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य जिला कलेक्टर द्वारा सम्पन्न नहीं होता ?

(a) कानून और व्यवस्था बनाए रखना
(b) भू-राजस्व की वसूली
(c) न्याय प्रदान करना
(d) समाज कल्याण

34. भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची में शहरी स्थानीय स्वशासन संस्थाओं का उल्लेख है ?

(a) सातवीं (b) आठवीं
(c) ग्यारहवीं (d) बारहवीं

35. हर्बर्ट साइमन के अनुसार, यदि कोई निर्णय व्यक्ति विशेष के उद्देश्य की दिशा में निदेशित हो तो वह है

(a) संगठनजन्य रूप से तर्कसंगत
(b) व्यक्तिगत रूप से तर्कसंगत
(c) वस्तुपरक रूप से तर्कसंगत
(d) व्यक्ति सापेक्ष रूप से तर्कसंगत

36. 73वें संविधान संशोधन की क्रांतिकारी विशिष्टताओं के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

1. पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक प्रस्थिति प्रदान किया जाना।
2. पंचायती राज संस्थाओं के लिए अनिवार्य चुनाव।
3. ग्रामीण भारत में शक्ति प्रदान करते हुए शासन के तीसरे स्तर (टीयर) का आरंभ।
4. पंचायतों के हर स्तर पर स्थानों में और सभा प्रमुखों के पदों पर महिलाओं के लिए 33% आरक्षण।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

37. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:

राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा की जा सकती है, यदि

1. राज्य में सांविधानिक तंत्र विफल हो जाए।
2. राज्यपाल इस आशय का प्रतिवेदन राष्ट्रपति को भेजे।
3. राज्य का राज्यपाल अपने सांविधानिक कार्यों के निष्पादन में असफल हो जाए।
4. राज्य प्रशासन संविधान के प्रावधानों के अनुरूप शासन चलाने में असफल हो जाए।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

38. सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों पर आर्थिक उदारीकरण की नीति के प्रभाव के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

1. सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में ईक्विटी शेयरों का विनिवेश।
2. सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के केवल कोड क्षेत्रों में ही पूर्ण (100%) सरकारी स्वामित्व की अनुमति देना।
3. विनियमन, लाइसेंसिंग और कोटा प्रणाली को समाप्त करना।
4. चालू खाते के रुपए की पूर्ण परिवर्तनीयता।

इनमें से कौन-से सही हैं

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

39. भारत में न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक, सही है ?

(a) सर्वोच्च न्यायालय स्वयं ही न्यायिक पुनर्विलोकन के लिए मामले अपने हाथ में ले सकता है
(b) विधायी निर्णयों के न्यायिक पुनर्विलोकन के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय में जाया जा सकता है
(c) नए परिप्रेक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय अपने ही निर्णयों का पुनर्विलोकन कर सकता है
(d) सर्वोच्च न्यायालय निचली अदालतों में किसी भी मामले को उसके न्यायिक पुनर्विलोकन के लिए प्रस्तुत करने का आदेश दे सकता है

***निर्देश:—***

आगामी बीस (20) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन A' तथा दूसरे को 'कारण R' कहा गया है। आपको दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और निर्णय करना है कि क्या कथन A और कारण R पृथक-पृथक सही हैं और यदि ऐसा है तो क्या कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है। इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूटों की सहायता से चुनिए और अपने उत्तर-पत्रक में तदनुसार अंकित कीजिए:

**कूट:**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

40. ***कथन* (A):** पदसोपान प्रशासन में अनम्यता लाता है और मानव संबंधों को प्रभावित करता है।

***कारण*** **(R):** पदसोपान एक अंतर्निर्मित युक्ति है जिससे संगठन में सामंजस्य प्राप्त किया जाता है।

41. ***कथन*** **(A):** नियंत्रण-विस्तृति को संकरा बनाने का अवांछित प्रभाव यह होता है कि संगठनात्मक स्तरों की संख्या घटाने से संप्रेषण में बाधा पड़ती है।

    ***कारण*** **(R):** नियंत्रण-विस्तृति ऐसे संबंधों के क्रमचय और संयोजन को निर्धारित करता है जहां वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आवश्यक होता है।

42. ***कथन*** **(A):** फ्रेडरिक टेलर की "प्रकार्यात्मक फोरमैनशिप" की परिकल्पना पारंपरिक प्रशासन में अव्यावहारिक है।

    ***कारण*** **(R):** प्रकार्यात्मक पर्यवेक्षण में, विशेषज्ञ का प्राधिकार प्रचालक पर पूरी तरह लगाया जाता है।

43. ***कथन*** **(A):** वेबर के 'अवैयक्तिक निर्लिप्तता' और 'समूह भावना' के विचार असंगत हैं।

    ***कारण*** **(R):** 'समूह भावना' उभर सकती है यदि संगठन में संबंध औपचारिकता और अवैयक्तिकता से प्रभावित हो।

44. ***कथन*** **(A):** हेनरी फेयोल ने वे पांच तत्त्व पहचाने, जो प्रबंध क्रियाकलाप के मुख्य कार्य हैं।

    ***कारण*** **(R):** उसके अनुसार संघटन के उच्चतर स्तरों में प्रशासन के ज्ञान की आवश्यकता है, बनिस्पत तकनीकी ज्ञान के।

45. ***कथन*** **(A):** उर्विक का मानना था कि आदेश के वास्तविक रूप से प्रभावी होने के लिए, आदेश के एक सामान्य उद्देश्य को निरूपित करना आवश्यक है।

    ***कारण*** **(R):** प्रभाविता मुख्यत: उस ओजस्विता पर निर्भर होती है जो कमांडर के व्यक्तित्व से निकलती है।

46. ***कथन*** **(A):** जब कभी सरकार किसी अध्यादेश को एक विधेयक से बदलना चाहती है, तब उस विधेयक के साथ आवश्यक रूप से एक वक्तव्य लगाना होता है जो उन परिस्थितियों को स्पष्ट करता है जिनके कारण अध्यादेश जारी किया गया था।

    ***कारण*** **(R):** राष्ट्रपति को शक्ति प्राप्त होगी कि वह अध्यादेश के द्वारा किसी भी विषय पर विधि निर्माण कर सकता है जो संसद की विधायनी शक्तियों से सह-विस्तृत होगा।

47. ***कथन*** **(A):** अपने प्रशासनिक सिद्धांत में हर्बर्ट साइमन ने सकारात्मक उपागम अपनाया।

    ***कारण*** **(R):** यह इस पूर्वानुमान पर आधारित है कि प्रशासन को, तथ्यों पर, न कि मूल्यों पर, विचार करते हुए, विज्ञान की सीमा में लाया जा सकता है।

48. ***कथन*** **(A):** प्रभावी और सफल नेतृत्व औपचारिक और सही नियमों पर निर्भर करता है।

    ***कारण*** **(R):** आधुनिक काल में प्रशासनिक नेतृत्व के लिए स्थितियों/परिस्थितियों की वृत्तीय अनुक्रिया बहुत महत्त्वपूर्ण है।

49. ***कथन*** **(A):** अबोधगमय संप्रेषण को समझना कठिन होता है और इसीलिए वे प्राधिकारहीन होते हैं।

    ***कारण*** **(R):** जो आदेश सामान्य पदों में जारी किए जाते हैं उन्हें कार्यान्वित करते समय कठिनाई का सामना करना पड़ता है क्योंकि अधिकांश समय उनके अर्थ निकालने में और ठोस परिस्थितियों में ऐसे आदेशों की उपयुक्तता पर विचार करने में निकल जाता है।

50. ***कथन*** **(A):** वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति के पक्ष समर्थक यह मानकर चलते हैं कि किसी व्यक्ति का सेवा काल इस बात की गारंटी है कि उसे पदोन्नति मिलनी चाहिए।

    ***कारण*** **(R):** उच्च पद का काम निपटाने के लिए वरिष्ठ व्यक्ति ही योग्य है।

51. ***कथन*** **(A):** लोक प्रशासन में राजनैतिक नियंत्रण और प्रशासनिक स्वायत्तता में कोई अन्तर्निहित विरोध नहीं है।

    ***कारण*** **(R):** प्रशासक को स्वायत्तता और विवेकाधिकार की उसी तरह आवश्यकता होती है जिस तरह की राजनीतिज्ञ को नियंत्रण और हस्तक्षेप की।

52. ***कथन*** **(A):** जापान की सिविल सेवा में वरिष्ठता आधारित पदोन्नति को बनाए रखा गया है।

    ***कारण*** **(R):** जापानी सिविल सेवक एक ही मंत्रालय में आजीवन सेवा-रत रहता है।

53. ***कथन*** **(A):** संसद में, राष्ट्रपति पर महाभियोग एक अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया है।

    ***कारण*** **(R):** संसद में दोनों में से कोई एक सदन दूसरे सदन के समक्ष संविधान के उल्लंघन का अभियोग प्रस्तुत करता है, जो इसकी जांच कर सदन की कुल सदस्यता के कम से कम दो-तिहाई मत से, राष्ट्रपति को हटाने का संकल्प पारित कर सकता है।

54. ***कथन*** **(A):** मंत्रिमंडल समितियों को उन मामलों पर बाध्यकारी निर्णय लेने का प्राधिकार नहीं है,

जो मामले उसे सौंपे गए हैं।

**कारण (R):** मंत्रिमंडल समिति द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय का संशोधन मंत्रिमंडल कर सकता है।

55. **कथन (A):** ''सावधिक व्यवस्था'' (टेन्योर सिस्टम) वास्तव में सिविल सेवा के उच्चतर पदों में परिवर्तन की आवश्यकता को संस्थागत स्वयप देता है।

**कारण (R):** ''सावधिक व्यवस्था'' एक संघीय राज्य व्यवस्था से मेल नहीं खाती।

56. **कथन (A):** राज्य की आर्थिक और वित्तीय जिम्मेदारियों का बोझ कम करने के लिए, विशेषत: द्वितीय महायुद्ध के पश्चात्, लोक निगमों का आविर्भाव हुआ।

**कारण (R):** राज्य की बढ़ती हुई गतिविधियों के कारण एक नए प्रकार कें संगठन की आवश्यकता महसूस हुई।

57. **कथन (A):** रिग्स की मान्यता है कि विभेदन की मात्राएँ विर्वतन पैमाने पर संभाव्य रूप में परिमाण्य हो सकती हैं।

**कारण (R):** पारिस्थितिकीय मॉडल हमें प्रभावनीय वर्गों की कार्यमूलक तुलना करने में सक्षम बनाते हैं।

58. **कथन (A):** ''लोक नीति एक स्वतंत्र चर नहीं है और मानव इतिहास में बहुत कम सबूत मिलता है कि नीति अनुभवों से हमें व्यवस्थित सीख मिली है।''

**कारण (R):** ''लोक नीति विश्लेषकों को उस प्रकार के दत्त उपलब्ध नहीं है जिनसे हम लागतों और लाभों के अनुमान लगा सकें।''

59. **कथन (A):** सरकार के नीति संबंधी कार्य में सामान्यज्ञ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**कारण (R):** संघ और राज्य सरकारों में अनेक शीर्ष पदों पर विशेषज्ञ नियुक्त हैं।

60. **कथन (A):** विभागाध्यक्ष का काफी समय उसे यथेष्ट, स्पष्ट और उपयुक्त वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों का प्रत्यायोजन कर बजाया जा सकता है।

**कारण (R):** विभागाध्यक्ष को काफी समय मामलों को वित्तीय संस्वीकृति और प्रशासनिक अनुमति के लिए भेजने में लगाना पड़ता है।

61. **कथन (A):** अनुक्रियाशील प्रशासन के लिए आवश्यक है कि 73वें और 74वें संविधान संशोधन की भावना के अनुरूप पूर्ण रूप से शक्ति संपन्न निर्वाचित स्थानीय प्रशासन निकायों द्वारा सेवा-प्रदायगी का पूर्ण विकेंद्रीकरण हो।

**कारण (R):** राज्य सरकारों को ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता है जिनसे स्थानीय निकायों की वित्तीय और प्रशासनिक क्षमता में मजबूती लाई जा सके और उन्हें यथेष्ट संसाधन और शक्तियां प्रदान की जा सकें।

62. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|
| A. विलोबी | 1. | प्रशासन के विज्ञान पर शोध-पत्र |
| B. गुडनाव | 2. | लोक प्रशासन : कॉनसेप्ट्स एंड केसेज |
| C. गुलिक एवं उरविक | 3. | पॉलिटिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन |
| D. स्टिलमैन | 4. | प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लि एडमिनिस्ट्रेशन |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

63. लोक प्रशासन एक विज्ञान है इस दावे को चुनौती दी थी
(a) फेरेल हेडी ने (b) रॉबर्ट हाल ने
(c) जेम्स जी. मार्च ने (d) सैमुएल हंटिंगटन ने

64. तुलनात्मक लोक प्रशासन समर्थन नहीं करता
(a) अंत: सांस्कृतिक प्रशासन का
(b) प्रशासन में सिद्धांत-स्थापन का
(c) प्रशासन में आदर्शक उपागमों के स्वीकरण का
(d) प्रशासन में ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग का

65. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, न्यू पब्लि एडमिनिस्ट्रेशन आविर्भाव के संबंध में सही नहीं है?
(a) यह 1968 के मिन्नोब्रुक कॉन्फ्रेंस से उभरा
(b) यह हनी रिपोर्ट का परिणाम था
(c) यह वाल्डो की पुस्तक 'पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इन ए टाइम ऑफ टरबुलेंस' से उभरा
(d) यह तुलनात्मक और विकास प्रशासन की समस्याओं का परिणाम था

66. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | विन्सेंट ऑस्ट्रॉम | 1. | ऑर्गेनाइजेशंस |
| B. | जे. हाबेरमास | 2. | न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन |
| C. | ए. एट्ज़ियोनी | 3. | पब्लिक चॉइस स्कूल |
| D. | जी. फ्रेडरिक्सन | 4. | क्रिटिकल थ्योरी |
| | | 5. | न्यू पब्लिक मैनेजमेंट |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 5 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 5 |

67. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
वैश्वीकरण और उदारीकरण के संदर्भ में तुलनात्मक लोक प्रशासन के विश्लेषणार्थ नवीन दबाव क्षेत्र हो सकते हैं
1. नागरिक चार्टर का अध्ययन।
2. सरकारी उपक्रमों में विनिवेशीकरण।
3. विदफ्तरीकरण।
4. समुदाय-आधारित संगठन।
इनमें से कौन-से सही हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

68. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | अधिकारीतंत्रीय | 1. | एग्रेरियन-ट्रान्ज़िटिया इंडस्ट्रिया |
| B. | व्यवहारवादी | 2. | समाज के उप-तंत्र के रूप में प्रशासनिक प्रणाली |
| C. | सामान्य प्रणाली | 3. | मानव व्यवहारवाद का प्रशासनिक प्रतिवेश में विश्लेषण |
| D. | पारिस्थितिकीय | 4. | विधिक-तर्कसंगत सत्ता |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 3 | 2 | 1 |

69. सार्वजनिक वरण सिद्धांत के संबंध में निम्नलिखित में कौन-सा वक्तव्य सही नहीं है?
(a) यह प्रशासन के अधिकारीतंत्रीय मॉडल की समीक्षा है
(b) यह राजनीति-प्रशासन द्विभाजन के मत में विश्वास रखता है
(c) लोक सेवाओं के प्रावधान में यह संस्थानात्मक बहुलवाद का समर्थन करता है
(d) यह बाजार-शक्तियों के प्रति सहानुभूतिशील है

70. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, राज्य बनाम बाज़ार के वादविवाद में नहीं उभारा गया है?
(a) प्रबंधन में निजी सेक्टर का प्रभुत्व
(b) संगठनात्मक लचीलापन
(c) अधिकारीतंत्र का प्रभुत्व
(d) नियामक प्राधिकरण की स्थापना

71. नवीन लोक प्रबंध (न्यू पब्लिक मैनेजमेंट) के संबंध में निम्नलिखित में कौन-सा एक सही नहीं है?
(a) यह बाज़ार की ओर अभिमुख है
(b) यह जनहित समर्थक है
(c) यह प्रबंधीय स्वायतत्ता का हिमायती है
(d) यह निष्पादन-मूल्यांकन पर संकेंद्रित है

72. विकासशील देशों में सिविल सेवकों की भूमिका के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा एक सही नहीं है?
(a) विकास कार्यक्रमों की आयोजना और कार्यान्वयन
(b) विकास योजनाओं/परियोजनाओं का अनुश्रवण और मूल्यांकन
(c) विकास नीतियों का निर्माण
(d) सामाजिक-आर्थिक विकास और राष्ट्र-निर्माण की दिशा में कार्य

73. एम.पी. फॉलेट के अनुसार, समन्वयन का आशय है अवयवों के बीच सुमेल व्यवस्था, क्योंकि समन्वयन
(a) अप्रत्यक्ष संपर्क से होता है
(b) किसी परिस्थिति में सभी तत्त्वों के बीच अन्योन्य संबंध है
(c) कार्यान्वयन के अंतिम चरणों में होता है
(d) एक असंगत प्रक्रिया है

74. निम्नलिखित में कौन-सा एक, प्रिज़्मीय समाज का लक्षण नहीं है?
(a) बहुमानकीयवाद (b) आच्छादन
(c) संस्थाकरण (d) विशिष्ट-वर्ग प्रभुत्व

75. सरकार घाटा वित्तीयन का सहारा लेती है
(a) विभिन्न मंत्रालयों के बजट आबंटन में वृद्धि के लिए
(b) राजस्व और व्यय बजटों के अंतर को भरने के लिए
(c) विशिष्ट मदों पर सरकारी व्यय की वृद्धि के लिए
(d) सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए

76. संगठन के निम्नलिखित पहलुओं पर विचार कीजिए:

1. विभिन्न अंगों को एक व्यवस्थित साकल्य में एकीकृत करना।
2. आधुनिक संगठन की भौगोलिक रूप से विभिन्न स्थानों पर स्थापना।
3. लोक प्रशासन के आकार और कार्मिकों में अत्यधिक वृद्धि।
4. किसी वांछित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अभिकर्ताओं और कार्यों का सुमेल संयोजन।

इनमें से कौन-से समन्वय में बाधक हैं

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 3 और 1

77. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
प्रत्यायोजन की सीमा
1. समस्या की प्रकृति पर निर्भर है।
2. उपस्थित परिस्थितियों पर निर्भर है।
3. सम्मिलित जिम्मेदारियों पर निर्भर है।
4. संगठनात्मक इतिहास पर निर्भर है।

इनमें से कौन-कौन से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

78. ''प्रतिनिधिक अधिकारीतंत्र'' को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने महिलाओं को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की हैं:
1. सिविल सेवाओं की नौकरियों में 33% आरक्षण।
2. समान कार्य के लिए समान वेतन।
3. प्रसूति अवकाश।
4. आवास/संतान शिक्षण भत्ता।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 , 3 और 4

79. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| A. | लाइन अभिकरण | 1. | दत्त संकलन और उसका विश्लेषण |
| B. | वैयक्तिक स्टाफ | 2. | कार्मिक प्रशासन की देखभाल |
| C. | विशेषीकृत स्टाफ | 3. | लाइन कर्मचारियों की विभिन्न कार्य डायरी रखना |
| D. | सामान्य (जनरल) स्टाफ | 4. | उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रत्यक्ष रूप से निष्पादित कार्य |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

80. भारत की संचित निधि से किए जाने वाले उन व्यय-अनुमानों को, जो बजट में शामिल होते हैं और जिनका लोक सभा द्वारा पारित किया जाना आवश्यक होता है, प्रस्तुत किया जाता है।
(a) प्रभारित व्यय के रूप में
(b) पूंजी बजट के रूप में
(c) अनुदान मांग के रूप में
(d) राजस्व बजट के रूप में

81. एफ.डब्ल्यू. टेलर द्वारा गढ़ी हुई 'मानसिक क्रांति' की संकल्पना केंद्रित है
(a) क्रांतिकारी ढांचों के निर्माण की ओर संगठन के कर्मचारियों में सामूहित अभिवृत्तिक परिवर्तन पर
(b) उच्चतर उत्पादन, लाभ मजदूरी और न्यून कीमत हासिल करने के लिए, कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच समझ तथा दायित्वों और कार्यों में भागीदारी
(c) श्रमिकों के मानस में परिवर्तन लाने के लिए संगठन में सामाजिक क्रांति
(d) संगठन में मानव-संबंधों में सुधार लाने के लिए प्रबंधन कार्मिकों में अभिवृत्ति, परिप्रेक्ष्य और दृष्टि में परिवर्तन

82. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
वेबर ने ग्रीक भाषा के शब्द 'करिश्मा' का प्रयोग किया था
1. वंशागति गुण के अर्थ में।
2. अलौकिक गुण के अर्थ में।
3. अतिमानवीय गुण के अर्थ में।
4. असाधारण गुण के अर्थ में।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

83. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| A. | रचनात्मक संघर्ष | 1. | हर्बर्ट साइमन |
| B. | सामाजिक संगठन | 2. | एल्टन मेयो |
| C. | कार्यपालिका के कार्य | 3. | मेरी पार्कर फॉलेट |
| D. | प्रशासनिक व्यक्ति | 4. | चेस्टर बर्नार्ड |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

84. हमारे संविधान का कौन सा अनुच्छेद वित्त आयोग से संबंध रखता है ?
(a) अनुच्छेद 280 (b) अनुच्छेद 380
(c) अनुच्छेद 281 (d) अनुच्छे 381

85. लोक लेखा समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है
(a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(b) लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा
(c) भारत के प्रधान मंत्री द्वारा
(d) संसदीय कार्य मंत्री द्वारा

86. सदन में प्रश्न काल के पश्चात् जो मौखिक प्रश्न पूछे जाते हैं, उन्हें कहा जाता है
(a) पूरक प्रश्न (b) अल्प-सूचना प्रश्न
(c) तारांकित प्रश्न (d) अतारांकित प्रश्न

87. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
संगठनों में व्यक्तियों द्वारा किसी संप्रेषण को प्राधिकृत रूप में स्वीकारना निर्भर करता है
1. प्राधिकार की प्रकृति के प्रति उदासीनता क्षेत्र पर।
2. समझने के प्रयोजनों के लिए इसकी स्पष्टता पर।
3. व्यक्तिगत हितों से इसके असामंजस्य पर।
4. संगठनात्मक उद्देश्यों से इसकी असंगति पर।
इनमें से कौन-से सही हैं ?
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

88. निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन-सा एक सही नहीं है ?
(a) हेनरी फेयॉल समादेश एकता सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे
(b) एफ.डब्ल्यू.टेलर ने समादेश एकता के सिद्धांत को अस्वीकार किया था
(c) समादेश एकता के अंतर्गत एक कर्मचारी एक से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों से आदेश प्राप्त करता है
(d) समादेश एकता के तहत किसी भी संस्था में कर्मचारी को एक ही वरिष्ठ अधिकारी को रिपोर्ट करना चाहिए

89. स्थगन प्रस्ताव का उद्देश्य होता है
(a) बजट में कटौती का सुझाव देना
(b) किसी प्रस्ताव पर सदन की स्वीकृति चाहना
(c) सदन का ध्यान अत्यावश्यक लोक महत्त्व के मामले पर आकर्षित करना
(d) किसी सरकारी विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए सदन की अनुमति चाहना

90. प्रशासन पर 'अधिशासी नियंत्रण' रखने के लिए निम्न में से कौन-सा एक, सर्वाधिक प्रभावी उपकरण है ?
(a) सिविल सेवा संहिता
(b) संप्रेषण
(c) नियुक्ति और निष्कासन की शक्ति
(d) नियम-निर्माण की शक्ति

91. निम्नलिखित में से किस एक के पास किसी क्षेत्र को नगरपालिका या नगर निगम या पंचायत में गठित करने का अधिकार है ?
(a) केंद्रीय सरकार (b) मंडल आयुक्त
(c) जिलाधिकारी (d) राज्य सरकार

92. निम्नलिखित वक्तव्यों में कौन-सा एक मानव संबंध उपागाम द्योषित करता है ?
(a) औपचारिक संगठनात्मक ढांचे पर बल देना
(b) श्रमिकों को मशीन के पुर्जे समझना
(c) श्रमिकों के बीच अनौपचारिक संगठन पर बल देना
(d) पर्यवेक्षण की सत्तावादी शैली पर बल देना

93. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
'महा प्रदीप्ति' प्रयोग द्वारा यह बात उजागर हुई कि संगठन में अपेक्षाकृत अधिक उत्पादकता के लिए
1. कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं।
2. कर्मचारियों के बीच आपसी संबंध महत्वपूर्ण हैं।
3. कार्य दशाएं महत्त्रपूर्ण हैं।
4. सामाजिक सुरक्षा महत्वपूर्ण हैं।
इनमें से कौन-से सही हैं
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

94. हर्बर्ट साइमन के निर्णयन सिद्धांत के अनुसार निर्णायक
(a) सभी विकल्प जानते हैं
(b) सभी विकल्पों की उपयोगिताएं या मूल्य जानते हैं
(c) सभी विकल्पों के बीच क्रमबद्ध अधिमान रखते हैं
(d) ऐसी कार्य प्रक्रिया का चयन करते हैं, जो साधारण रूप से संतोषजनक हो

95. टालकॉट पार्सन्स के द्वारा प्रतिपादित 'प्रणाली परिकल्पना' में, शामिल नहीं है
(a) प्रणाली के भागों का अध्ययन
(b) उप-प्रणालियों के बीच अन्योन्यक्रियाओं का अध्ययन
(c) प्रणाली और उसके वातावरण के बीच अन्योन्यक्रियाओं का अध्ययन
(d) राजनीति-प्रशासन द्विभाजन का अध्ययन

96. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, प्रिज़्मेटिक सोसाइटी शब्द को सही ढंग से परिभाषित करता है?
(a) यह परिकल्पना मुख्यत: सामाजिक-प्रशासनिक परिवर्तन से संबंधित है
(b) ऊँचे दरज़े का यथाविहितवाद, अतिव्याप्ति और विषमजातीयता
(c) यह लक्ष्य एवं कार्य-अभिमुख प्रशासनिक प्रणालियों से संबंधित है
(d) यह विकसित राष्ट्रों की प्रशासनिक प्रणाली से संबंधित है

97. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वक्तव्य व्यवहारवादी उपागम के विषय में सही नहीं है?
(a) यह बल देता है इसके अध्ययन पर, कि संगठन में लोग कैसे व्यवहार करते हैं
(b) प्रकृति में यह वर्णनात्मक है न कि आदेशात्मक
(c) यह संगठनों को एक सामाजिक प्रणाली की तरह देखता है
(d) इसमें आर्थिक प्रोत्साहन, प्रेरकों के रूप में समाविष्ट होते हैं

98. निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रणाली उपगाम (सिस्टम अप्रोच) का एक हिस्सा नहीं है?
(a) संगठन की समग्रता पर बल
(b) निवेश-परिवर्तन-बहिर्वेश प्रक्रिया
(c) संगठनों को संरचित करने का 'एक सर्वोत्तम उपाय'
(d) 'सीमा' की परिकल्पना

99. निम्नलिखित में से किस समिति/आयोग ने केंद्रीय स्तर पर लोकपाल की स्थापना की संस्तुति की?
(a) बलवंत राय मेहता समिति
(b) प्रशासनिक सुधार आयोग
(c) लोक अदालतों पर समिति
(d) नागरिक शिकायत निवारण आयोग

100. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए:
1. नियंत्रण की प्रभावकारिता मुख्यत: अधीनस्थों की स्वीकार्यता पर निर्भर है।
2. नियंत्रण से व्यक्तिगत दायित्व की पहलशक्ति दब सकती है किंतु यह सभी मामलों में निश्चित की जा सकती है।
3. नियंत्रण एक महंगी प्रक्रिया है जिसमें बहुत समय और प्रयास लगता है।
4. नियंत्रण से अधीनस्थों के निष्पादन को सुधारने में सहायता मिलती है।

इनमें से कौन-कौन से सही हैं?
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

101. निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन-सा एक, सिविल समाज का अंग नहीं समझा जाता है?
(a) गैर-सरकारी संस्थाएँ (b) जाति-संघ
(c) विधानमंडल (d) परिवार

102. निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन-सा एक, अधोमुख-संचार के लक्षण के विषय में सही **नहीं है**?
(a) यह उच्च स्तर से नीचे के स्तरों के सूचना प्रवाह को निरूपित करता है
(b) यह विभिन्न स्तरों के बीच सूचना प्रवाह को निरूपित करता है
(c) यह अधीनस्थों तक नीतियां और आदेश पहुंचाता है
(d) इसका प्रयोग अधीनस्थों के द्वारा काम करवाने के लिए होता है

103. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सतीश चन्द्र समिति की सिफारिशों में **नहीं था**?
(a) वेतन और जॉब-सुरक्षा (b) कार्य दशा
(c) उन्नति और वृद्धि (d) अंतर्वैयक्तिक संबंध

104. निम्नलिखित 'आवश्यकता सोपान' पर विचार कीजिए:
1. सुरक्षा आवश्यकताएँ
2. मान आवश्यकताएँ
3. सामाजिक आवश्यकताएँ
4. आत्म-प्रत्यक्षीकरण आवश्यकताएँ
5. शारीरिक आवश्यकताएँ

मैस्लो के अनुसार इनका सही अनुक्रम है
(a) 3, 4, 2, 5, 1 (b) 5, 1, 3, 2, 4
(c) 5, 4, 2, 1, 3 (d) 3, 2, 1, 5, 4

105. सूची-I *(संकल्पनाएँ)* को सूची-II *(लेखक)* के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|
| A. साभिप्राय शब्द | 1. | ग्राइमन |
| B. सैद्धांतिक अवरोध | 2. | मिलेट |
| C. शब्दों की निरंकुशता | 3. | टेरी |
| D. काम की बात | 4. | फिफ्नर |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

106. वह नेतृत्व की शैली, जिसमें नेता स्वयं की कार्यवाही-योजना का विकास करता है और चुनौतीपूर्ण उद्देश्यों की प्राप्ति करता है।

ऐसा नेतृत्व कहलाता है

(a) साधक (b) अनुपोषक

(c) सहभागी (d) उपलब्धि-अभिमुख

107. निम्नलिखित में से भारत संघ के किस एक राज्य ने ग्राम सभा को ऐसी शक्ति प्रदान की है, जिसके द्वारा ग्राम पंचायत के सदस्यों को वापस बुलाया जा सकता है?

(a) पश्चिम बंगाल (b) राजस्थान

(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

108. साक्षात्कार का मुख्य उद्देश्य मूल्यांकन करना है

(a) अभ्यर्थी की बौद्धिक क्षमता का

(b) अभ्यर्थी के सामान्य ज्ञान का

(c) अभ्यर्थी के व्यक्तिगत गुणों का

(d) अभ्यर्थी की अभिव्यक्ति की शक्ति का

109. निम्नलिखित में से किस एक प्रशिक्षण पद्धति में प्रशिक्षणार्थी व्यक्तिगत विशिष्टताओं को अपने सह-प्रशिक्षणार्थियों के सन्मुख अभिदर्शित करते हैं, जो उन्हें पारस्परिक अन्योन्यक्रिया से मिटा देते हैं?

(a) सिंडिकेट प्रणाली (b) केस-अध्ययन प्रणाली

(c) व्याख्यान प्रणाली (d) टी-ग्रुप प्रणाली

110. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वक्तव्य सही नहीं है?

(a) वरिष्ठता का सिद्धांत कर्मचारियों की प्रोन्नति को सुनिश्चितता प्रदान करता है

(b) उच्चतर अनुभव प्रोन्नति के लिए उच्चतर योग्यता है

(c) वरिष्ठता सिद्धांत लोक सेवाओं में मनोबल और दक्षता निर्माण में सहायता करता है

(d) वरिष्ठता एक तथ्यात्मक विषय है, जिसे नकारा नहीं जा सकता

111. निम्नलिखित वक्तव्य किसका है?

"लोक सेवकों के लिए नैतिक आचरण की समस्या उन शक्तियों एवं प्रभावों के कारण खड़ी होती है जिनका वह अधिकारी होता है, और उस प्रतिबद्धता के कारण, जिससे वह निष्ठावान और निस्वार्थ लोकसेवा देने के लिए वचनबद्ध होता है।"

(a) वुडरो विल्सन (b) एल.डी. व्हाइट

(c) ग्लेन स्टॉल (d) हर्बट साइमन

112. विभिन्न मंत्रालयों के अनुदान मांगों की संवीक्षा के लिए विद्यमान स्थायी संसदीय समितियों की संख्या है

(a) दस (b) बारह

(c) सत्रह (d) बीस

113. बजट-निर्माण की उस पद्धति को, जिसमें सरकार के चालू क्रियाकलापों की व्यय राशि को अछूता छोड़ दिया जाता है, जबकि राजस्व उगाहने और आबंटित करने में केवल उपांतिक समायोजन किया जाता है, कहते हैं

(a) शून्य-आधारित बजटन (b) निष्पादन बजटन

(c) वर्धमान बजटन (d) लाइन-आइटम बजटन

114. मितव्ययी कटौती प्रस्ताव का आशय प्रस्तावित अनुदान मांग के व्यय को घटाना है

(a) सौ रुपए (b) एक रुपया

(c) एक विनिर्दिष्ट राशि (d) एक अविनिर्दिष्ट राशि

115. लेखाओं की विभागीकरण योजना के अंतर्गत, जो 1978 में प्रारंभ हुई, निम्नलिखित में से कौन, मंत्रालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों के सभी लेन-देन के लिए मुख्य लेखाकरण प्राधिकारी है?

(a) भारत का नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक

(b) संबंधित मंत्रालय का सचिव

(c) वित्त मंत्रालय

(d) लेखा-नियंत्रक

116. लोक सभा की प्राक्कलन समिति

(a) केंद्रीय सरकार का व्यय प्राक्कलन तैयार करती है

(b) भारत सरकार के विभागों की लेखाओं का परीक्षण करती है

(c) अप्राधिकृत करों की वसूली रोकती है

(d) केंद्रीय प्रशासन में बरती जानी वाली मितव्ययिताओं का सुझाव देती है

117. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:

| *सूची-I* | | *सूची-II* | |
|---|---|---|---|
| A. | बंदी-प्रत्यक्षीकरण | 1. | किस वारंट या अधिकार से |
| B. | परमादेश | 2. | प्रमाणित या निश्चित करना |
| C. | उत्प्रेषण | 3. | सार्वजनिक ड्यूटी करने के लिए आदेश |
| D. | अधिकार पृच्छा | 4. | किसी व्यक्ति को सशरीर प्रस्तुत करवाना |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

118. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

सामाजिक न्याय की उपलब्धि में लोकहित मुकदमों (पी.आई.एल.) का प्रयोग एक प्रभावी उपकरण की तरह किया जाता है, क्योंकि इससे न्यायिक प्रक्रिया

1. कम खर्चीली बनती है।
2. द्रुतगामी बनती है।

3. मानवोचित और विवेकसम्मत बनती है।
4. बोझिल बनती है।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

119. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

भारत में सूचना का अधिकार आवश्यक है, क्योंकि

1. यह प्रशासन लोगों की भागीदारी बढ़ाता है।
2. प्रशासन को जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनाता है।
3. प्रशासन को अधिक नवप्रवृत्ति-परक बनाता है।
4. जनता को प्रशासनिक निर्णय-निर्माण से अवगत कराता है।

इनमें से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

120. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है ?

(a) ब्रिटेन : मेरिट प्रोटेक्शन बोर्ड
(b) भारत : मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति
(c) जापान : नेशनल पर्सनेल अथॉरिटी
(d) यू.एस.ए. : ऑफिस ऑफ बजट एंड पर्सनल मैनेजमेंट

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (b) | 3. (c) | 4. (c) | 5. (b) | 6. (a) |
| 7. (d) | 8. (d) | 9. (a) | 10. (d) | 11. (d) | 12. (c) |
| 13. (c) | 14. (d) | 15. (b) | 16. (d) | 17. (a) | 18. (c) |
| 19. (c) | 20. (b) | 21. (c) | 22. (d) | 23. (a) | 24. (c) |
| 25. (b) | 26. (c) | 27. (c) | 28. (b) | 29. (a) | 30. (c) |
| 31. (c) | 32. (d) | 33. (c) | 34. (a) | 35. (b) | 36. (d) |
| 37. (b) | 38. (c) | 39. (b) | 40. (b) | 41. (d) | 42. (a) |
| 43. (c) | 44. (b) | 45. (c) | 46. (b) | 47. (a) | 48. (d) |
| 49. (a) | 50. (a) | 51. (d) | 52. (b) | 53. (a) | 54. (a) |
| 55. (b) | 56. (a) | 57. (b) | 58. (a) | 59. (c) | 60. (a) |
| 61. (b) | 62. (a) | 63. (b) | 64. (c) | 65. (d) | 66. (c) |
| 67. (d) | 68. (d) | 69. (b) | 70. (c) | 71. (b) | 72. (c) |
| 73. (b) | 74. (c) | 75. (b) | 76. (b) | 77. (a) | 78. (c) |
| 79. (c) | 80. (c) | 81. (b) | 82. (b) | 83. (b) | 84. (a) |
| 85. (b) | 86. (a) | 87. (a) | 88. (c) | 89. (c) | 90. (c) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (a) | 94. (d) | 95. (d) | 96. (b) |
| 97. (d) | 98. (c) | 99. (b) | 100. (d) | 101. (c) | 102. (b) |
| 103. (c) | 104. (b) | 105. (c) | 106. (d) | 107. (c) | 108. (c) |
| 109. (d) | 110. (b) | 111. (c) | 112. (c) | 113. (c) | 114. (c) |
| 115. (b) | 116. (d) | 117. (a) | 118. (a) | 119. (c) | 120. (a) |